PUBLICATION NAME :	Rajasthan Patrika
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	21/11/2022
PAGE:	4

ईडीआईआई का चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट पटना के साथ एमओयू

सहकारी डेयरी विकास के लिए अमूल एक रोल मॉडल : बयाती

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



अहमदाबाद. गांधीनगर स्थित अमूलफेड डेयरी के महाप्रबंधक अनिल कुमार बयाती ने कहा कि सहकारी डेयरी विकास के लिए अमूल एक रोल मॉडल है, अमूल की भावना को अन्य स्थानों पर भी लागू करने के लिए राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (एनडीडीबी) की स्थापना की गई और मॉडल को सफलतापूर्वक दोहराया गया।

अहमदाबाद के एंटरप्रेन्योरशिप इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई) की ओर से अमूल और इफको के सहयोग से ईडीआईआई परिसर में राष्ट्रीय सहकारिता सप्ताह में 'प्रमोटिंग एंटरप्रेन्योरशिप थ्रू को-ऑपरेटिव मूवमेंट' विषय पर उद्घाटन सत्र आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर बयाती ने अमूल की कामयाबी की चर्चा की।

उन्होंने कहा कि अमूल, सहकारी प्रणाली में विश्वास का प्रतीक है जो पशुपालकों-किसानों के हाथों में विकास की कुंजी सौंपता है। गांधीनगर में कलोल स्थित इफको के मुख्य प्रबंधक (विपणन) पी.एम. मेवा, बिहार के पटना स्थित चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना (सीआईएमपी) के निदेशक प्रो. डॉ. राणा सिंह ने भी विचार व्यक्त किए।

ईडीआईआई के महा निदेशक डॉ. सुनील शुक्ला ने कहा कि सामाजिक पूंजी वित्तीय पूंजी की तरह ही महत्वपूर्ण है और सामाजिक पूंजी का लाभ उठाने के लिए सहकारी आंदोलन पर निर्भर रहने की रणनीति को अपनाया जाता है। इस अवसर पर ईडीआईआई ने चंद्रगुप्त इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पटना के साथ एमओयू किया। उद्घाटन के बाद 'इमर्जिंग अपॉर्च्युनिटीज इन को-ऑपरेटिव एंटरप्रेन्योरशिप' विषय पर पैनल चर्चा का आयोजन किया गया।